# राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:-registrar.rmpu @gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0 / 911 / 2025 दिनांकः—6, मई, 2025

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त राजकीय / अशासकीय / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

**विषयः— अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ( 21 जून 2025 ) के अवसर पर महाविद्यालयों में विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के सम्बन्ध में।**

**महोदय / महोदया,**

उपरोक्त विषयक के सम्बन्ध में अवगत कराना है मा0 कुलाधिपति जी की अध्यक्षता में **"अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस"** के आयोजन के सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के सभी विश्वविद्यालय के कुलपति, कुलसचिव, तथा अन्य अधिकारियों (समन्वयक एन0 एस0 एस0, एन0 सी0 सी0 तथा स्पोर्टस) के साथ आज दिनांक 05 / 05 / 2025 को ऑनलाइन मीटिंग आहूत की गई। उक्त के क्रम में आपको अवगत कराना है कि अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर अपने महाविद्यालय में निम्नलिखित कार्यक्रमों को आयोजित किये जाना आवश्यक है।

| क्र0 सं0 | प्रतियोगिता का नाम | विषय |
|---|---|---|
| 01 | पोस्टर प्रतियोगिता | 01. योग व पर्यावरण<br>02. विश्व शान्ति व कल्याण के लिए योग |
| 02 | स्लोगन प्रतियोगिता | योग व शारीरिक स्वास्थय, योग और मानसिक स्वास्थय |
| 03 | निबन्ध | 01. स्व और समाज के लिए योग<br>02.शारीरिक और मानसिक स्वास्थय के लिए योग। |
| 04 | दीवार पर पेटिंग | 01.Yoga For Wellness<br>02.Yoga and Healthy Life |
| 05 | ऑनलाईन योग क्विज | इसका लिंक अलग से प्रेषित किया जाएगा। |

इन प्रतियोगिताओं में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र / छात्राओं को विश्वविद्यालय द्वारा प्रमाण पत्र दिया जाएगा। अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त प्रतियोगिताओं को महाविद्यालय में छात्र / छात्राओं के मध्य अवश्य कराना सुनिश्चित करें तथा इन कार्यक्रम को कराने के उपरान्त इसकी रिपोर्ट, फोटो व न्यूज पेपर क्लिपिंग को ई मेल nssrpmsu@gmail.com पर भेजना सुनिश्चित करें।

भवदीय

06/05/25

(वी0के0 सिंह)
कुलसचिव

**प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—**

1 समन्वयक, राष्ट्रीय सेवा योजना, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ।
2 समन्वयक, राष्ट्रीय कैडेट कोर, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ।
3 स्पोर्टस ,राजा महेन्द्र प्रताप सिंह विश्वविद्यालय, अलीगढ।
4 निजी सचिव, कुलपति जी, मा0 कुलपति जी के संज्ञानार्थ।
5 गार्ड फाईल।

कुलसचिव